इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 53] भोपाल, शनिवार, दिनांक 30 जनवरी 2021—माघ 10, शक 1942

लोक सेवा प्रबंधन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन,. भोपाल

भोपाल, दिनांक 30 जनवरी 2021

क्र.एफ–2–10–लोसेप्र–इकसठ–1–पी.एस.जी.–37.– मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम, 2010 (क्रमांक 24 सन् 2010) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार, एतद्द्वारा औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग अन्तर्गत एम.पी.आई.डी.सी. द्वारा उपलब्ध करवाई जाने वाली सेवाओं से संबंधित निवेशकों द्वारा दर्ज सभी शिकायतों के सन्दर्भ में समुचित कार्यवाही एवं निराकरण सुनिश्चित करने संबंधी नवीन सेवा, पदाभिहित अधिकारी का पदनाम, सेवाएं प्रदान करने के लिए निश्चित की गई समय–सीमा, प्रथम अपील अधिकारी का पदनाम, प्रथम अपील अधिकारी द्वारा निराकरण के लिए निश्चित की गई समय–सीमा तथा द्वितीय अपील प्राधिकारी का पदनाम निम्नानुसार अधिसूचित करती है, अर्थात् :–

मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम, 2010 की धारा 3 के तहत् उद्योग नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग अन्तर्गत एमपीआईडीसी की सेवाएँ

सेवा क्र.	सेवाएँ	पदाभिहित अधिकारी का पदनाम	सेवा प्रदान करने की निश्चित समय–सीमा	प्रथम अपील अधिकारी का पदनाम	प्रथम अपील के निराकरण की निश्चित की गयी समय–सीमा	द्वितीय अपील प्राधिकारी का पदनाम
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
	एमपीआईडीसी के विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि का आवंटन					
37.2	म.प्र. इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि. के अधीन विकसित एवं विकासाधीन औद्योगिक क्षेत्रों तथा निगम के आधिपत्य की अविकसित भूमि में जल प्रदाय की उपलब्धता/ अनुपलब्धता का प्रमाण पत्र.	कार्यपालन यंत्री, एमपीआईडीसी लि, क्षेत्रीय कार्यालय	03 कार्य दिवस	कार्यकारी संचालक, एमपीआईडीसी, क्षेत्रीय कार्यालय	07 कार्य दिवस	प्रबंध संचालक, एम.पी. इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
37.3	औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग अन्तर्गत एमपीआईडीसी द्वारा उपलब्ध करवाई जाने वाली सेवाओं से संबंधित निवेशकों द्वारा दर्ज सभी प्रश्नों के संदर्भ में समुचित कार्यवाही एवं निराकरण सुनिश्चित करने हेतु.	महाप्रबंधक, एम. पी. इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि., भोपाल	15 कार्य दिवस	कार्यकारी संचालक, एमपी इण्डस्ट्रियल डेव्हलमेंट कार्पोरेशन लि., भोपाल	10 कार्य दिवस	प्रबंध संचालक, एम.पी. इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि. भोपाल
37.4	औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग अन्तर्गत एमपीआईडीसी द्वारा उपलब्ध करवाई जाने वाली सेवाओं से संबंधित निवेशकों द्वारा दर्ज सभी शिकायतों के संदर्भ में समुचित कार्यवाही एवं निराकरण सुनिश्चित करने हेतु.	महाप्रबंधक, एम.पी. इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि., भोपाल	07 कार्य दिवस	कार्यकारी संचालक, एमपी इण्डस्ट्रियल डेव्हलमेंट कार्पोरेशन लि., भोपाल	07 कार्य दिवस	प्रबंध संचालक, एम.पी. इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि. भोपाल

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रिपुदमन सिंह भदौरिया, उपसचिव.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2021.